एकता विश्वास संघर्ष

सत्यमेव जयते

राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ0प्र0

सहयोग सदन, 6–गोखले मार्ग, लखनऊ–226001

उ0प्र0रा0वि0प0 आदेश सं0 8022–F(IR–I)90H/73 दि0 28.12.74 द्वारा मान्यता प्राप्त

सोसाइटी रजि0 अधिनियम 1860 में पंजीकरण संख्या 2672 दिनांक 08.09.1981

(सम्बद्धता : आल इण्डिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स एवं उ.प्र.डि.इं.महासंघ)

मेल पता : sachivrvpjes@gmail.com मोबाइल : 9044678853, 9451226882 वेबसाइट : www.rvpjes.org

समस्त अध्यक्ष/सचिव
जनपद/क्षेत्र/परियोजना/अंचल/निगम
राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन उ0प्र0

<u>विषयः दिनांक 26.01.2025 को तिरंगा यात्रा के सम्बन्ध में दिशा निर्देश।</u>

क्रान्तिकारी साथियों,

जैसा कि आप सभी भिज्ञ है कि दिनांक 26 जनवरी 1950 को देश मे अपना संविधान लागू हुआ, लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के उपलक्ष्य मे प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को **"गणतंत्र दिवस"** के रुप मे मनाया जाता है। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के राष्ट्रीय उत्सव **"गणतंत्र दिवस"** को प्रत्येक वर्ष हम सभी अपने कार्यालय पर झण्डा फहराकर एवं मिष्ठान बाँटकर हर्षोल्लास के साथ मनाते है।

प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हम सभी **"गणतंत्र दिवस"** के शुभ अवसर पर अपने कार्यालय पर झण्डा फहराकर अपना राष्ट्रीय उत्सव मनायेंगे, इसके उपरांत वर्तमान मे ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के विरोध मे संगठन द्वारा चलाये जा रहे निर्धारित ध्यानाकर्षण कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 26.01.2025 को तिरंगा यात्रा सम्पन्न किया जाना है, जिसके सम्बन्ध में स्पष्ट दिशानिर्देश निम्नवत हैं –

1. संगठन के समस्त सदस्य अनुशासित ढंग से अपने संगठन कार्यालय पर ध्वजा फहराने के उपरान्त संगठन के बैनर के साथ तिरंगा लेकर **लगभग 11 बजे** पदयात्रा रैली निकालेंगे।
2. तिरंगा यात्रा मे किसी भी प्रकार का कोई भी राष्ट्रविरोधी नारा नही लगाया जायेगा।
3. तिरंगा यात्रा मे देश भक्ति गीतों के साथ एवं देशभक्ति से सम्बन्धित नारे लगाये जायेंगे।
4. तिरंगा यात्रा मे कुछ सदस्यों के हाथ में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा एवं शेष सदस्यों के हाथ मे **"राष्टहित में ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण बन्द करो"** की तख्तियां लेकर पदयात्रा की जायेगी।
5. तिरंगा यात्रा का रूट पूर्व में ही निर्धारित किया जायेगा, जो संगठन कार्यालय/विभागीय कार्यालय से प्रारम्भ होकर किसी स्वतंत्रता सेनानी/आजादी के नायक महापुरूषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाप्त किया जायेगा।
6. स्थानीय प्रशासन को तिरंगा यात्रा की सूचना यात्रा से पूर्व प्रेषित कर दिया जाय।

(बलबीर यादव)
केन्द्रीय महासचिव